>

Title: Need to give reservation to people belonging to Andaman and Nicobar Group of Islands in Government Jobs.

**श्री विष्णु पद राय (अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह):** सभापति महोदय, अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में सरकारी नौकरी में मुख्य भूमिका में लोगों की भर्ती हो रही है। **...**(व्यवधान) इसको लेकर पूरा विरोध चल रहा है। हमारी पार्टी और हमारी मांग है कि नॉन-आईलैंडर को द्वीप की नौकरी में भर्ती बंद करें तथा आईलैंडर को नौकरी में रिजर्वेशन दें। मैंने राष्ट्रपति जी, प्रधान मंत्री जी और गृह मंत्री जी को पत्र देकर मांग की कि जैसे आर्टिकल 371 के मुताबिक महाराष्ट्र, गुजरात, सिक्किम, मणिपुर, मेघालय, सिक्किम, आंध्रप्रदेश, मिजोरम में ग्रुप बी नॉन-गेजटेड और सी पोस्ट में रिजर्वेशन किया गया है, वैसे ही अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह में भी किया जाए।**...**(व्यवधान) मैंने प्रधान मंत्री जी से मांग की थी कि अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह की नौकरियों में बाहर से भर्ती बंद करने के लिए रिजर्वेशन दिया जाए।**...**(व्यवधान) इस सिलसिले में एनडीए सरकार के समय में जब वाजपेयी जी की सरकार थी, उस समय यह घोषणा हुई थी कि अंडमान-निकोबार बैकवर्ड एरिया है। सुप्रीम कोर्ट में लोकल सर्टिफिकेट के न रहने पर एटोर्नी जनरल ने कहा था कि अंडमान-निकोबार को आर्टिकल 240 में नौकरी में रिजर्वेशन दिया जाए।**...**(व्यवधान) इसलिए मैं मांग करता हूं कि अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह को रिजर्वेशन दिया जाए और लोक सभा में बिल लाकर कानून बनाया जाए। **...**(व्यवधान)